# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पेयजल समस्या से निपटने के लिए अभी से सजग रहने के निर्देश

## टैंकर फिलिंग स्थानों का चिन्हाकंन वर्तमान में कर लिया जाय

**निर्देश**

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान जनपद में पेयजल समस्या से निपटने के लिए अभी से जल निगम, जल संस्थान के अधिकारियों को विशेष रुप से सजग रहने के निर्देश दिये। कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या से निपटने के लिए सभी पाईप लाईनों को ठीक करने के साथ–साथ हैण्डपम्पों को ठीक कराने के निर्देश भी सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि टैंकर फिलिंग स्थानों का चिन्हाकंन वर्तमान में कर लिया जाय जिससे क्षेत्र में टैंकरों द्वारा पानी की व्यवस्था हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि पेयजल की शिकायत हेतु जल निगम, जल संस्थान सहित आपदा प्रबन्धन कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जायेगी ताकि लोगो की शिकायत का संज्ञान लेते हुए पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने विभिन्न पम्पिंग योजनाओं को पम्पिंग स्टेशन, मोटर आदि की चौकिंग अभी से करने के निर्देश दिये साथ ही टैंकों की सफाई भी सुनिश्चित कर ली जाय।



डीएम बैठक लेते हुए।

जिलाधिकारी ने कोसी बैराज में होने वाली गाद की समस्या से निपटने के लिए भी ठोस रणनीति बनाने के निर्देश जल संस्थान/जल निगम के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि पाईप लाईनों में जहॉ लीकेज हैं उन्हें समय पर ठीक करा लिया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सिंचाई विभाग के अधिकारी अपनी नहरों एवं गूलों को भी ठीक रखें ताकि पेयजल की समस्या आने पर उनसे भी सहयोग प्राप्त किया जा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपनी सड़कों को भी ठीक रखे ताकि किसी प्रकार की असुविधा पेयजल की आपूर्ति में न आने पाये।

जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि उनके द्वारा पेयजल की व्यवस्था बनाये रखने हेतु जो भी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी उसकी सूचना के साथ ही टैंकरों की उपलब्धता बनी रहे उसकी भी सूचना को सभी उपजिलाधिकारी कार्यालयों में उपलब्ध करानी होगी साथ ही विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं सहित अन्य जहॉ पर भी टैंकर उपलब्ध हैं उसकी अद्यतन सूचना भी उन्हें तैयार रखनी होगी ताकि पेयजल की समस्या होने पर उनसे सहयोग प्राप्त किया जा सके।

इस बैठक में अपर जिलाधिकारी बी0एल0 फिरमाल, उपजिलाधिकारी सीमा विश्वकर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भीम सिंह मेर के अलावा समस्त खण्डों के जल संस्थान, जल निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

## दून एक्सपो में लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का लुत्फ उठाया

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित हैंडलूम एक्सपो में लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का लुत्फ उठाया। कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। मौसम साफ रहने से दूनवासी हैंडलूम एक्सपो में बड़ी संख्या में खरीदारी करने पहुंचे। एक्सपो में घुघुती महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका कि लोगों ने जमकर आनंद उठाया। एक्सपो में पहाड़ी और राजस्थानी व्यंजन लोगों को खूब भाए। बच्चे, बूढ़े और सभी युवाओं मेले का आनंद उठाते दिखाई दिए। मेले में विभिन्न राज्यों से आये व्यापारियों ने अपने राज्यों के विशेष व्यंजन और उत्पादों का स्टॉल लगाये गए हैं।




हैंडलूम एक्सपो में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

## न्यूज डायरी

### नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो ने अपराध आंकड़े जारी किए

**संवाददाता** देहरादून। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो द्वारा प्रकाशित क्राइम इन इण्डिया वर्ष 2018 के अपराध आकड़े जारी किये गये हैं। उत्तरी राज्यो मे प्रति लाख जनसंख्या के आधार पर उत्तराखण्ड 133.3 पहले, उत्तर प्रदेश 153.5 दूसरे, जम्मू व कश्मीर 180.4 तीसरे, हिमाचल प्रदेश 200.9 चौथे व हरियाणा 381.0 से साथ अंतिम स्थान पर रहा है। कुल घटित संज्ञेय अपराधों (भा0दा0वि0) मे जनसंख्या के आधार पर प्रति लाख जनसंख्या के सापेक्ष 133.3 घटित अपराध के साथ उत्तराखण्ड पूरे देश में छठे स्थान पर रहा। मध्यम व बड़े राज्यो मे झारखण्ड के बाद उत्तराखण्ड दूसरे स्थान पर रहा। उत्तरी राज्यों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए उत्तराखण्ड सर्वाधिक सुरक्षित राज्य रहा।

### किशोरी बाल गृह बख में निर्भया फण्ड योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता** अल्मोड़ा। केन्द्र पोषित निर्भया फण्ड योजना, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग अल्मोड़ा द्वारा किशोरी बाल गृह बख में निर्भया फण्ड योजना के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आज जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस निर्भया प्रकोष्ठ का मुख्य उददेश्य किशारियों एवं महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने हेतु निर्भया फण्ड के तहत जनपद, विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षण के मध्याम से क्षमता संवर्दि्धकरण किया जाना है। इस योजना के अन्तर्गत महिलाओं को आत्मरक्षा हेतु 04 दिवसीय प्रशिक्षण तथा कानून एवं अन्य मुददों पर जानकारी प्रदान करने के साथ ही महिलाओं एवं किशोरियों के प्रेशर ग्रुप का निर्माण किया जाना है।

### 'सुजल एवं स्वच्छ ग्राम' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता** अल्मोड़ा। 'सुजल एवं स्वच्छ ग्राम'' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 9 जनवरी से 11 जनवरी तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में किया जा रहा है। जिसमें विकासखण्ड भैंसियाछाना की 20 ग्राम पंचायतों के नव निर्वाचित ग्राम प्रधान (जनप्रतिनिधियों) के अलावा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के स्वच्छाग्राही, ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों, क्षेत्रीय ग्राम विकास, पंचायत अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को कार्यशाला से प्राप्त अनुभवों को समुदाय के साथ विचार–विमर्श कर योजनााओं का बेहतर क्रियान्वयन किये जाने हेतु आहवान किया।

### पदमावत्ती आज भी खिलजी से नहीं डरती, छपाक फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। एगंजिंग यंग इण्डिया की अध्यक्षा आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा के आवहान पर कई युवाओं ने आज एस्लेहॉल स्थित ओरियेन्ट सिनेमा में दीपिका पादुकोण की फिल्म छपाक देखी। एगंजिंग यंग इण्डिया की अध्यक्षा आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा ने स्वयं भी कई टिकट बुक कराकर युवाओं को सिनेमा हॉल मे टिकट सौपें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिये जिस प्रकार से छपाक की विश्व विख्यात अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जेएनयू पहुॅचकर छात्रों का समर्थन किया हम उनके इस बहादुरी भरे जज्बे को सलाम करते है व दीपिका पादुकोण ने साबित कर दिया कि आज भी पदमावत्ती खिलजी से नही डरती है।

उन्होंने कहा कि छपाक की कहानी में जिस प्रकार से तेजाब हमले से घायल महिला की जीवन संघर्ष को दर्शती है उससे युवाओं व महिलाओं को एक नई प्ररेणा मिलेगी। उन्होने मुख्यमंत्री को पत्र लिख फिल्म को टैक्स फ्री करने मांग भी की है और कहा कि आज जो लोग दीपिका पादुकोण की जन्मपत्री लेकर नए सिरे से लिखना चाह रहे है वो यह भुल गए की 2019 में चुनाव में वे भाजपा की ब्राड़ अम्बेसेड़र थी जो भाजपा के लिये वोट मांग रही थी।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग परिमण्डल, देहरादून।
पत्रांक–1074/ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना–24/2019–2020 दिनांक 07–01–2020
फोन/फैक्सः 0135–2789747
–ःई–निविदा सूचनाः–

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रक्योरमेंट) नियमावली 2018 में इंगित प्रावधानुसार विभाग में निम्न श्रेणी अनुसार पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो की निविदा ऑनलाइन वैबसाइट http://www.uktenders.gov.in पर दि0 24.01.2020 को सांय 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, उक्त कार्य हेतु टैक्नीकल बिड दिनांक 27.01.2020 को दोपहर 12.00 बजे उपस्थिति ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी या मनोनीत अधिकारी द्वारा ऑनलाइन कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग परिमण्डल, देहरादून में खोली जायेंगी जो ठेकेदार टैक्निकल बिड क्वालीफाईड करेंगे उन ठेकेदारों की ही फाइनैनशियल बिड खोली जायेगी। उक्त कार्य की निविदा दिनांक 09.01.2020 की अपरान्ह 4.00 बजे से दिनांक 24.01.2020 को सांय 3.00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोडिग के लिए उक्त वैबसाइट पर उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड का नाम | धरोहर धनराशि (रू0.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद देहरादून के थाना ऋषिकेश में ट्रांजिट हास्टल का निर्माण कार्य | देहरादून | 4,96,000.00 | 5000.00 +18% GST कुल–5,900.00 | 07 माह | 60 दिन | ''ए'' भवन निर्माण कार्य हेतु |
| 2 | जनपद देहरादून के थाना ऋषिकेश परिसर में एकीकृत आदेश और नियंत्रण कार्यालय (कमांड एवं कन्ट्रोल)का निर्माण कार्य | देहरादून | 4,97,000.00 | 5000.00 +18% GST कुल–5,900.00 | 07 माह | 60 दिन | ''ए'' भवन निर्माण कार्य हेतु |
| 3 | जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत तहसील रूड़की के आवासीय भवन का निर्माण कार्य। | देहरादून | 3,93,000.00 | 5000.00 +18% GST कुल–5,900.00 | 07 माह | 60 दिन | ''ए'' भवन निर्माण कार्य हेतु |
| 4 | जनपद देहरादून के थाना ऋषिकेश में फायर कर्मियों, अभिसूचना एवं अन्य अनुषांगिक शाखाओं हेतु ट्रांजिट हास्टल का निर्माण कार्य | देहरादून | 1,54,000.00 | 4000.00 +18% GST कुल–4,720.00.00 | 06 माह | 60 दिन | ''बी'' एवं उच्च भवन निर्माण कार्य हेतु |
| 5 | जनपद टिहरी के वि0ख0 भिलंगना में रा0ई0का0 कठुड हिन्दाव में प्रयोगशाला का निर्माण कार्य | देहरादून | 96,000.00 | 3000.00 +18% GST कुल–3540.00 | 06 माह | 60 दिन | ''बी'' एवं उच्च भवन निर्माण कार्य हेतु |

**नोटः–**1. उक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी http://www.uktenders.gov.in पर या इस कार्यालय सा क्रम सं0 01,02 व 04 हेतु अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड देहरादून, क्र0सं0 03 हेतु प्रखण्ड हरिद्वार तथा क्र0सं0 05 हेतु प्रखण्ड घनसाली के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

2. ई निविदा डालने से पूर्व निविदा की ऑनलाईन विस्तृत सूचना को भली भांति अवलोकन कर लिया जाए।
3. ई निविदा दिनांक 09.01.2020 से दिनांक 24.01.2020 तक कभी भी डाली जा सकती है तथा टैक्निकल बिड हेतु अभिलेख भी दिनांक 09.01.2020 से दिनांक 25–01–2020 की सांय 4.00 बजे तक कभी परिमण्डल कार्यालय में जमा किये जा सकते है।

**सूचना एवं लो0सं0वि0 आर0ओ0नं0**10466

**(इं0 नवीन चन्द्र)**
अधीक्षकण अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,
परिमण्डल, देहरादून।